आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
बृहस्पतिवार 25.12.2025
समय 1305

**मुख्य समाचार :–**

- राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति और प्रधानमंत्री ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल विहारी की 101वी जयंती पर पुष्पांजलि अर्पित की।
- केंद्र ने राज्यों को अरावली पर्वतमाला में किसी भी प्रकार के नए खनन पट्टे देने पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने का निर्देश जारी किया।
- देहरादून में पारंपरिक कृषि और महिला ग्रामीण उद्यमों को बढ़ावा देने के लिए दून बासमती चावल और विभिन्न पोषक आटा उत्पादों का शुभारंभ।
- **और** .... मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पेशावर कांड के महानायक वीर चन्द्र सिंह 'गढ़वाली की जयंती पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया।

**प्रधानमंत्री मोदी**

आज पूर्व प्रधानमंत्री अटल विहारी वाजपेयी की 101वी जयंती है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति सी पी राधाकृष्णन और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज राष्ट्रीय राजधानी में ''सदैव अटल'' पर उनकी समाधि पर पुष्पांजलि अर्पित की। साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत रत्न महामना पंडित मदन मोहन मालवीय की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि श्री मालवीय ने अपना जीवन मातृभूमि की सेवा में समर्पित कर दिया। उन्होंने गुलामी की बेड़ियों को तोड़ने के लिए राष्ट्रीय चेतना जगाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। श्री मोदी ने कहा कि शिक्षा क्षेत्र में उनका योगदान अतुलनीय रहा है।

**सपनों की उड़ान कार्यक्रम**

नैनीताल जिले में जिला स्तरीय सपनों की उड़ान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संकुल एवं विकासखण्ड स्तर पर पहला स्थान हासिल करने वाले कक्षा 1 से 8 तक के विद्यार्थियों, ने प्रतिभाग किया। जिले के मुख्य शिक्षा अधिकारी गोविन्द राम जायसवाल ने आकाशवाणी को बताया कि विभिन्न वर्गों में जिला स्तर पर पहला स्थान हासिल करने वाले प्रतिभागी अब राज्य स्तरीय सपनों की उड़ान कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे।

**स्वास्थ्य सेवाओं का सुदृढीकरण**

देहरादून जिला प्रशासन, जिला चिकित्सालय को अधिक सुविधा–संपन्न बनाने के लिए लगातार काम कर रहा है। जिलाधिकारी के निर्देशों पर जिला योजना मद से अस्पताल को सुविधायुक्त बनाने के लिये 91 लाख रुपये की धनराशि स्वीकृत की गई थी, जिसके तहत अधिकांश कार्य पूरे कर लिए गए हैं।

**जिलाधिकारी ने कहा कि जिला चिकित्सालय में मरीजों और उनके परिजनों को बेहतर, सुरक्षित और स्वच्छ सुविधाएं उपलब्ध कराना सरकार लक्ष्य है, क्योंकि हर व्यक्ति महंगी निजी स्वास्थ्य सेवाएं नहीं ले सकता। इसी उद्देश्य से सरकारी अस्पतालों को मजबूत किया जा रहा है।**

**जिला चिकित्सालय में एस.एन.सी.यू के विस्तारीकरण, विभिन्न वार्डों में ऑक्सीजन फ्लो मीटर की व्यवस्था, गायनी ओटी की मरम्मत, स्टाफ के लिए यूनिफॉर्म, बेडसाइड सुविधाएं, लेबर रूम का सुदृढ़ीकरण और पुराने भवन की मरम्मत जैसे कई कार्य पूरे किए जा चुके हैं। इसके साथ ही चिकित्सालय में कचरा प्रबंधन के लिए फुट ऑपरेटेड डस्टबिन, कंप्यूटर–प्रिंटर की आपूर्ति और दिव्यांगजनों के लिए शौचालय निर्माण के कार्य भी किए गए हैं।**

**इसके अलावा फायर हाइड्रेंट, फायर अलार्म, वाटर हाइड्रेंट सिस्टम, स्मोक डिटेक्टर और स्प्रिंकलर सिस्टम, इंटरलॉकिंग टाइल्स और पोस्टमार्टम हाउस व ऑक्सीजन प्लांट के पास टीन शेड रेन बसेरा जैसे कार्य प्रगति पर हैं, जिन्हें शीघ्र पूरा किया जाएगा। जिला प्रशासन कार्यों की गुणवत्ता और समयबद्धता सुनिश्चित करने के लिए नियमित निगरानी कर रहा है।**

### जनहित याचिकाओं

उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने फायर सीजन में प्रदेश के जंगलों में लगने वाली आग पर स्वतः संज्ञान लिए जाने वाली दायर कई जनहित याचिकाओं पर एक साथ सुनवाई की। मामले की अगली सुनवाई के लिए 9 जनवरी की तिथि नियत की। साथ ही पीसीएफ हॉफ को इस संबंध में रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिए। न्यायालय ने कहा कि रिपोर्ट पेश नहीं करने की दशा में उन्हें कोर्ट में आना होगा। वरिष्ठ न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी एवं न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खंडपीठ के समक्ष मामले की सुनवाई हुई।

### माल्टा महोत्सव

पौड़ी जिला मुख्यालय स्थित राजकीय प्रेक्षागृह में माल्टा महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। उत्तराखण्ड माल्टा महोत्सव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक राजकुमार पोरी ने कहा कि इस प्रकार के महोत्सवों का उद्देश्य केवल उत्पादों की प्रदर्शनी करना नहीं है, बल्कि काश्तकारों को सम्मान, प्रोत्साहन एवं विपणन के बेहतर अवसर उपलब्ध कराना भी है। मुख्य विकास अधिकारी गिरीश गुणवंत ने कहा कि माल्टा महोत्सव जैसे आयोजन काश्तकारों को नवाचार, गुणवत्ता सुधार एवं व्यावसायिक कृषि के लिए प्रेरित करते हैं।

### खनन पट्टे पर पूर्ण प्रतिबंध

केंद्र ने राज्यों को अरावली पर्वतमाला में किसी भी प्रकार के नए खनन पट्टे देने पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने का निर्देश जारी किया है। दिल्ली से गुजरात तक फैली संपूर्ण अरावली पर्वतमाला को अवैध खनन से बचाने की दिशा में यह महत्वपूर्ण कदम है। पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने एक बयान में कहा है कि यह प्रतिबंध संपूर्ण अरावली भू–भाग पर समान रूप से लागू होता है और इसका उद्देश्य अरावली की अखंडता को बनाए रखना है। इन निर्देशों का उद्देश्य अरावली पर्वतमाला की रक्षा करना और सभी अनियमित खनन गतिविधियों पर रोक लगाना है। केंद्र सरकार ने यह भी निर्देश दिया है कि पहले से ही चालू खदानों के लिए, संबंधित राज्य सरकारें सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के अनुरूप पर्यावरण की सुरक्षा के सभी उपायों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करें।

### खेल महाकुंभ की तारीख

नैनीताल जिले के विकास खंड हल्द्वानी में न्याय पंचायत स्तर पर होने वाले खेल महाकुंभ की तारीख और मैदानों की घोषणा कर दी गई है। आयोजन समिति के अध्यक्ष खंड विकास अधिकारी तनवीर असगर ने बताया कि 27 दिसंबर को कबड्डी, खो–खो, मुर्गाझपट व 28 को एथलेटिक्स स्पर्धा आयोजित की जाएगी। उन्होंने बताया प्रतिभागी 26 दिसंबर को ऑनलाइन पंजीकरण की छायाप्रति, आधार कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र, बैंक खाते की छायाप्रति लानी आवश्यक है।

### अभियान जारी

पिथौरागढ़ जिले में परिवहन विभाग की ओर से स्कूल बसों की सुरक्षा जांच का अभियान जारी है। एआरटीओ प्रवर्तन शिवांश कांडपाल के निर्देशन में टीम ने फिटनेस, परमिट, बीमा, चालक एवं परिचालक के दस्तावेज के साथ ही बसों में उपलब्ध सुरक्षा व्यवस्थाओं की जांच की। निरीक्षण के दौरान पाई गई कमियों को निर्धारित समयावधि में दूर करने के निर्देश स्कूल प्रबंधकों को दिए गए। सड़क सुरक्षा जागरूकता बढ़ाने के लिए स्कूल प्रबंधन, शिक्षक एवं छात्रों के साथ बैठक कर सुरक्षित परिवहन, यातायात नियमों का पालन, बस में अनुशासन एवं आपात स्थिति में सुरक्षा उपायों की जानकारी दी गई। विभाग की ओर से अभी तक 45 स्कूलों की 156 बसों के दस्तावेजों का सत्यापन एवं 52 बसों का भौतिक सत्यापन किया जा चुका है। विभाग का अभियान आगे भी जारी रहेगा।

## शुभारंभ

देहरादून में पारंपरिक कृषि और महिला नेतृत्व वाले ग्रामीण उद्यमों को बढ़ावा देने की दिशा में नई पहल के तहत दून बासमती चावल और विभिन्न पोषक आटा उत्पादों का शुभारंभ किया गया। विकास भवन परिसर स्थित हिलांस बेकरी एवं आउटलेट में मुख्य विकास अधिकारी ने इन उत्पादों का औपचारिक रूप से लोकार्पण किया। इस अवसर पर पारंपरिक दून बासमती चावल के साथ गेहूं, मक्का, मल्टीग्रेन और मंडुवा आटा लॉन्च किया गया। ये उत्पाद सक्षम, स्वाभिमान महिला और उड़ान क्लस्टर लेवल फेडरेशन द्वारा तैयार किए गए हैं। यह पहल ग्रामीण उद्यम वेग वृद्धि परियोजना के अंतर्गत उत्तराखंड ग्राम्य विकास समिति द्वारा ग्राम्य विकास विभाग के सहयोग से संचालित की जा रही है।

इस परियोजना के तहत क्लस्टर लेवल फेडरेशनों को प्रसंस्करण इकाइयों की स्थापना के लिए सहयोग दिया गया है, जिससे स्थानीय किसानों से सीधे कच्चे माल की खरीद संभव हुई है। इन उद्यमों के माध्यम से कच्चे माल की आपूर्ति, प्रसंस्करण, पैकेजिंग और विपणन से जुड़ी गतिविधियों में ढाई हजार से अधिक महिलाएं लाभान्वित हो रही हैं।

## गढ़वाली' की जयंती

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पेशावर कांड के महानायक वीर चन्द्र सिंह 'गढ़वाली' की जयंती पर उनके चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर उनका भावपूर्ण स्मरण किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने देश की आजादी के लिए आंदोलनरत निहत्थी जनता पर गोली चलाने के आदेश को अस्वीकार कर अद्वितीय देशभक्ति, साहस एवं नैतिक दृढ़ता का परिचय दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत की आजादी के संघर्ष में 'पेशावर कांड' एक महत्वपूर्ण पड़ाव रहा है। भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास में यह घटना मील का पत्थर सिद्ध हुई, जिसने स्वतंत्रता आंदोलन को नई दिशा और क्रांतिकारी आधार प्रदान किया।

### पराक्रम, शौर्य

**उत्तराखंड के लोग पराक्रम, शौर्य और देशभक्ति के लिए जाने जाते हैं। प्रथम विश्व युद्ध में दरबान सिंह और गबर सिंह जैसे अनेक वीर सैनिकों ने जहां अपनी वीरता से विश्वभर में नाम कमाया। वहीं द्वितीय रायल गढ़वाल के हवलदार चंद्र सिंह भंडारी ने निहत्थे देशभक्त पठानों पर गोली चलाने से इनकार कर साम्राज्यवादी अंग्रेजों की जड़ें हिला दी थीं। पेशावर कांड के नायक वीर चंद्र सिंह गढ़वाली सांप्रदायिक सौहार्द की मिसाल थे। पठानों पर हिंदू सैनिकों द्वारा फायर करवाकर अंग्रेज भारत में हिंदुओं और मुस्लिमों के बीच फूट डालकर आजादी के आंदोलन को भटकाना चाहते थे, लेकिन वीर चंद्र सिंह गढ़वाली ने अंग्रेजों की इस चाल को न सिर्फ भांप लिया, बल्कि उस रणनीति को विफल कर वह इतिहास के महान नायक बन गए।**

## राजकीय शिक्षक संघ चुनाव

राजकीय शिक्षक संघ के गढ़वाल मंडल के द्विवार्षिक अधिवेशन में मंडलीय कार्यकारिणी का चुनाव किया गया। जिसमें जयदीप रावत सर्वाधिक 1 हजार  एक सौ 54 मत पाकर मंडल अध्यक्ष निर्वाचित हुए। मंडलीय मंत्री पद पर 9 सौ 35 मत पाकर मनमोहन सिंह चौहान मंडलीय मंत्री निर्वाचित हुए। जबकि उपाध्यक्ष पुरुष के पद पर सुबोध नेगी, महिला उपाध्यक्ष पद पर अंजू रानी शर्मा, संयुक्त मंत्री पुरुष पद पर मक्खन लाल शाह, महिला संयुक्त मंत्री पद पर डॉक्टर अर्पणा रावत, संगठन मंत्री पुरुष पद पर आशीष शुक्ला, महिला संगठन मंत्री पद पर डॉक्टर प्रमिला रानी और आय–व्यय निरीक्षक के पद पर दीपक नौटियाल निर्वाचित हुए।